D

SL. No. : ZZ

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 58 ]
Total No. of Questions : 58 ]

[ ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 8
[ Total No. of Printed Pages : 8

**CCE PR**
**UN-REVISED**

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 61-H**

**Code No. : 61-H**

# ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ
# Subject : Third Language — HINDI

**( ಹಳೆ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / Old Syllabus )**

**( ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Private Repeater )**

ದಿನಾಂಕ : 04. 04. 2019 ] [ Date : 04. 04. 2019

ಸಮಯ : ಬೆಳಗ್ಗೆ 9-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 12-15 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 9-30 A.M. to 12-15 P.M.

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 100 ] [ Max. Marks : 100

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 58 प्रश्न हैं ।

2. यह

   प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।

3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।

4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।

5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।

Tear here

## खण्ड - क

### ( गद्य, पद्य और पूरक वाचन )

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए : $9 \times 1 = 9$

1. 'जन-गण-मन' राष्ट्रगीत के रचयिता कौन हैं ?
2. लोग साहूकार को किस नाम से पुकारते थे ?
3. साहनी जी का बचपन खेल-कूद से क्यों वंचित था ?
4. तिम्मक्का ने वृक्षों को कैसे पाला ?
5. मातृभूमि के खेत कैसे हैं ?
6. यशोदा और नंद का रंग कैसा था ?
7. रवींद्रनाथ ठाकुर जी को नोबल पुरस्कार क्यों मिला ?
8. प्रसाद जी के अनुसार सबके मनोरथ कैसे पूर्ण होते हैं ?
9. तुलसीदास के अनुसार मुख किसका पालन-पोषण करता है ?

II. 10. सही वाक्यांशों को जोड़कर लिखिए : $5 \times 1 = 5$

| 'क' | 'ख' |
|---|---|
| अ) गिल्लू की समाधि | i) ईमानदारी पर व्यंग्य |
| आ) ईमानदारों के सम्मेलन में | ii) आंतरिक शुद्धि |
| इ) आधुनिक मानव | iii) सोनजुही लता के नीचे |
| ई) राम नाम जपने से | iv) गमलों के बीच में |
| उ) कृष्ण क्रोधित हुआ | v) सृष्टि का आगार |
| | vi) बेइमानी पर व्यंग्य |
| | vii) घर के अंदर प्रकाश |
| | viii) बलराम के कारण । |

III. प्रथम दो शब्दों के संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : $5 \times 1 = 5$

11. ई-हैकिंग : अभिशाप : : ई-बैंकिंग : ......................
12. बसंत की सच्चाई : एकांकी : : साहित्य सागर का मोती : ......................
13. प्रभो : जयशंकर प्रसाद : : मातृभूमि : ......................
14. मुखिया : मुख के समान : : संत : ....................
15. बलभद्र : बलराम : : जसुमति : ...................

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **दो** या **तीन** वाक्यों में लिखिए : $14 \times 2 = 28$

16. 'शांतिनिकेतन' की स्थापना करने का मूल उद्देश्य क्या था ?
17. भिखारी ने साहूकार को कैसे बचाया ?
18. समाज के किन-किन क्षेत्रों में इंटरनेट का योगदान है ?
19. लेखिका ने गिलहरी की रक्षा कैसे की ?
20. भीष्म साहनी जी को रेस्तराँ के मालिक का व्यवहार असहनीय क्यों लगा ?
21. परसाई जी को रेलवे स्टेशन पर माली की याद क्यों आयी ?
22. डॉ० कंबार जी को लोकसाहित्य में रुचि कैसे उत्पन्न हुई ?
23. भारत माता का स्वरूप कैसे सुशोभित है ?
24. यशोदा कृष्ण के क्रोध को कैसे शांत करती है ?
25. 'ई-गवर्नेंस' के बारे में लिखिए ।
26. कर्नाटक को 'चंदन का आगार' क्यों कहते हैं ?
27. कवि भारत माता से क्या निवेदन कर रहे हैं ?
28. 'टाइटन' उपग्रह के बारे में लिखिए ।

**अथवा**

शनि ग्रह को 'सुंदर ग्रह' क्यों कहा गया है ?

29. सत्य के बारे में महात्मा गाँधी जी का कथन क्या है ?

**अथवा**

जीवन में सफल होने के लिए कौन-सा तत्व आवश्यक है ?

V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **तीन** या **चार** वाक्यों में लिखिए : $5 \times 3 = 15$

30. ''कर्नाटक की शिल्पकला और वास्तुकला अद्भुत है ।'' इस बात का समर्थन कीजिए ।

31. ''तिम्मक्का एक महान वृक्ष प्रेमी है ।'' कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।

32. दिनकर जी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ?

33. गिल्लू के अंतिम दिनों का वर्णन कीजिए ।

34. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

तुलसी साथी विपत्ति के विद्या विनय विवेक ।
साहस सुकृति सुसत्यव्रत राम भरोसो एक ।।

VI. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर **चार** या **पाँच** वाक्यों में लिखिए : $1 \times 4 = 4$

35. ''बसंत एक स्वाभिमानी और ईमानदार लड़का है ।'' कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

''राजकिशोर एक सच्चे नेता हैं ।'' कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।

36. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए : 4

जो तेरी होवे........ .......................................

...........................................................

...........................................................

........................................... दिला रही है !

**अथवा**

दया धर्म................................................ ।

............................................. घट में प्राण ।।

## खण्ड - ख
## ( व्याकरण )

VII. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प दिये गये हैं जिनमें एक मात्र सही उत्तर है । सही उत्तर चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : 10 × 1 = 10

37. 'लता' शब्द का बहुवचन है –

(A) लता (B) लतिका

(C) लताएँ (D) लताओं ।

38. निम्नलिखित में से 'पुल्लिंग' शब्द है –

(A) हाथी (B) मोरनी

(C) गाय (D) बकरी ।

39. 'दिन' का विलोम शब्द होगा –

(A) सुबह (B) शाम

(C) दोपहर (D) रात ।

40. निम्नलिखित में 'गुण संधि' का उदाहरण है –

(A) महात्मा (B) महोत्सव

(C) (D) एकैक ।

41. निम्नलिखित में से 'द्वंद्व समास' के लिए उदाहरण है –

(A) पाप-पुण्य (B) सद्धर्म

(C) देशवासी (D) त्रिवेणी ।

42. निम्नलिखित में से प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है –

(A) चल (B) चाल

(C) चलाना (D) चलवाना ।

43. सत्य ........ ........ महिमा अपार है । इस वाक्य के लिए उपयुक्त कारक होगा –

(A) ने (B)

(C) (D) की।

44. इंटरनेट का मतलब क्या है

इस वाक्य के लिए उपयुक्त विराम चिह्न होगा –

(A) पूर्ण विराम
(B) विवरण
(C)
(D) विस्मयादिबोधक ।

45. 'भाग जाना' यह अर्थ देनेवाला मुहावरा है –

(A) घोड़े बेचकर सोना
(B) नौ दो ग्यारह होना
(C) आग बबूला होना
(D) बीड़ा उठाना ।

46. 'सागर' का समानार्थक पद होगा –

(A) नदी
(B) पानी
(C)
(D) समुद्र ।

## खण्ड - ग

### ( रचना - अपठित गद्यांश, अनुवाद, पत्रलेखन और निबंध )

VIII. प्रस्तुत गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5 × 1 = 5

भारत गाँवों का देश है । यहाँ के अधिकांश लोग गाँवों में ही बसते हैं । भारत की उन्नति गाँवों की उन्नति पर ही अवलंबित है । गाँवों में रहनेवाले अधिकांश लोग पढ़े-लिखे नहीं होते । इसी कारण से व अपने अधिकार और कर्तव्यों को समझ नहीं पाते । अनक्षरता के कारण अंधविश्वास और बुरी प्रथाओं का शिकार बन जाते हैं । वे लोग गाँवों की दशा सुधारने के बारे में कभी नहीं सोचते । भारत के गाँवों को स्थिति दयनीय है । जब तक यहाँ के गाँवों का सुधार नहीं होगा, तब तक गाँधीजी के 'रामराज्य' का सपना साकार नहीं होगा ।

47. भारत कैसा देश है ?

48. भारत की उन्नति किसपर अवलंबित है ?

49. ग्रामीण लोग बुरी प्रथाओं का शिकार क्यों बन जाते हैं ?

50. गाँधीजी ने कैसा सपना देखा था ?

51. भारत में गाँवों की स्थिति कैसी है ?

IX. निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए : 5 × 1 = 5

52. आज का युग इंटरनेट का युग है ।

53. कर्नाटक भारत देश का प्रगतिशील राज्य है ।

54. तिम्मक्का का व्यक्तित्व अनुकरणीय है ।

55. महाकवि रवींद्रनाथ ठाकुर आदर्शवादी थे ।

56. साहनी जी के घर में साहित्यिक वातावरण था ।

X. 57. कोई कारण बताते हुए अपने प्रधानाध्यापक के नाम एक छुट्टी पत्र लिखिए । 1 × 5 = 5

**अथवा**

शैक्षिक यात्रा के लिए रुपये माँगते हुए अपने पिताजी के नाम पत्र लिखिए ।

XI. 58. दिए गए बिंदुओं के आधार पर **15 - 20** वाक्यों में कोई **एक** निबंध लिखिए :

1 × 5 = 5

क) जनसंख्या समस्या

- विषय प्रवेश
- जनसंख्या वृद्धि के कारण और परिणाम
- नियंत्रण के उपाय
- उपसंहार ।

ख) इटरनेट का महत्व

- अर्थ
- उपयोग, सुविधाएँ
- दुरुपयोग / दुष्परिणाम
- उपसंहार ।

ग) मेरा प्रिय साहित्यकार

- भूमिका
- विषय विस्तार
- साहित्यिक क्षेत्र में योगदान
- उपसंहार ।